पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार
****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, पौष 11, 1945
सोमवार, जनवरी 01, 2023

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वृंदावन, उत्तर प्रदेश में प्रथम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया

उन्होंने इस विद्यालय को उन लड़कियों के लिए प्रकाश की किरण के रूप में वर्णित किया जो सशस्त्र बलों में शामिल होने और मातृभूमि की रक्षा करने की इच्छा रखती हैं

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 01 जनवरी, 2024 को मथुरा, उत्तर प्रदेश के वृंदावन में संविद् गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। इस प्रथम विशिष्ट छात्रा सैनिक विद्यालय की क्षमता लगभग 870 छात्राओं को दाखिला देने की है। सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में गैर-सरकारी संगठनों/निजी/राज्य सरकार के स्कूलों के साथ भागीदारी में 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना की पहल के तहत 42 स्थापित किए जा चुके हैं। ये स्कूल पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत पहले से ही कार्य कर रहे मौजूदा 33 सैनिक स्कूलों के अतिरिक्त हैं।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने संविद् गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल को उन लड़कियों के लिए प्रकाश की किरण बताया जो सशस्त्र बलों में शामिल होने और मातृभूमि की सेवा करने की इच्छा रखती हैं। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार ने सशस्त्र बलों में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाया है, जो वर्षों से उपेक्षित था। उन्हें अपने पुरुष समकक्षों की तरह ही राष्ट्र की रक्षा करने का अधिकार है। यह महिला सशक्तिकरण के इतिहास में एक सुनहरा क्षण था जब हमने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश को मंजूरी दी। आज हमारी महिलाएं न केवल लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, बल्कि सीमाओं की भी सुरक्षा कर रही हैं।

यह उल्लेखनीय है कि श्री राजनाथ सिंह ने 2019 में शैक्षणिक सत्र 2021-22 से सैनिक स्कूलों में बालिकाओं के प्रवेश को मंजूरी दी थी। मिजोरम में सैनिक स्कूल छिंगछिप में रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पायलट परियोजना की सफलता के बाद यह निर्णय लिया गया।

100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना के दृष्टिकोण के पीछे उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर आजीविका के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को सरकार के साथ मिलकर, आज के युवाओं को कल के जिम्मेदार नागरिक बनाने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने का अवसर भी देता है।

वृंदावन में संविद् गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एबीबी/एसएस